(महत्वपूर्ण–दूसरा और अंतिम मौका)

विषय – **JSLPS द्वारा सामुदायिक समन्वयक की लिखित परीक्षा उपरांत दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया**

संदर्भ – **विज्ञापन सं0. PR172390(JSLPS) 17-18 के आलोक में आयोजित लिखित परीक्षा में उतीर्ण अभ्यर्थियों हेतु 12 जून से 17 जूलाई 2018 तक आयोजित आवश्यक दस्तावेजों की सत्यापन प्रक्रिया के संदर्भ में।**

उपरोक्त विषय और संदर्भ के अंतर्गत यह सूचना उन अभ्यर्थियों के लिए है जो उपरोक्त संदर्भ में बताए गए समयावधि के दौरान किन्हीं कारणों से जिलेवार आयोजित दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया में उपस्थित नही हो पाये थे। कुछ ऐसे अभ्यर्थियों द्वारा दस्तावेज सत्यापन के लिए दूसरा मौका देने का अनुरोध किया गया था। प्राप्त अभ्यावेदनों के उपर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुये ऐसे अभ्यर्थियों को **दूसरा और अंतिम मौका** देने का निर्णय लिया गया है।

ऐसे अभ्यर्थी जो दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया में भाग नही ले सकें, उनकी जिलेवार सूची वेबसाईट www.jslsp.org पर प्रकाशित की गई है। इस सूचना के माध्यम से इन्हीं अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु **दूसरा और अंतिम मौका** दिया जा रहा है। संबंधित अभ्यर्थी वेबसाईट पर दिये गये सूची को ध्यानपूर्वक देखें और उसी के अनुसार दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया हेतु निर्धारित तिथि और पते पर दिये गये समय के अनुसार उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण करायें। इसके उपरांत और कोई मौका किसी भी अभ्यर्थी को नही दिया जायेगा। **कृप्या ध्यान रखें कि जो अभ्यर्थी दिनांक 12 जून से 17 जूलाई 2018 के बीच आकर अपना दस्तावेज सत्यापन करा चुके है उन्हे इस सूचना के अनुसार पुनः दस्तावेज सत्यापन हेतु नही आना है।**

संबंधित अभ्यर्थियों के लिए दस्तावेज सत्यापन पक्रिया हेतु जिलेवार तिथि, समय और केन्द्र का विवरण निम्नानुसार है–

क्रमांक	जिला का नाम	तिथि	रिपोर्ट का समय	केंद्र का नाम एवं पता
1	Ramgarh	27 July'18	2.30 PM	कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड (एस एस मेमोरियल कॉलेज के सामने), रांची – 834008
2	Gumla			
3	Lohardaga			
4	Khunti			
5	Simdega			
6	E. Singhbhum			
7	Koderma			
8	Ranchi			
9	Chatra			
10	Latehar			
11	Garhwa			
12	Jamtara			
13	Godda			
14	Sahebganj			
15	West Singhbhum			
16	Deoghar			

क्रमांक	जिला का नाम	तिथि	रिपोर्ट का समय	केंद्र का नाम एवं पता
17	Saraikela Kharsawan	28 July'18	2.30 PM	कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड (एस एस मेमोरियल कॉलेज के सामने), रांची – 834008
18	Dumka			
19	Bokaro			
20	Dhanbad			
21	Hazaribagh			
22	Palamu			
23	Giridih			

1. उपरोक्त टेबल में संबंधित जिलों हेतु दो दिन तथा एक केन्द्र निर्धारित किये गए हैं। संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि इस अधिसूचना के आधार पर ससमय दिए गए निर्दिष्ट केन्द्र पर सभी दस्तवजों के साथ अभ्यर्थी स्वयं उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। संबंधित अभ्यर्थी इस बाबत अन्य किसी दूसरी सूचना का इंतजार नही करेंगे।
2. सभी संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त समय सारणी (दिनांक तथा रिपोर्टिंग समय) के अनुसार और निर्दिष्ट स्थान (दस्तावेत सत्यापन के लिए निर्धारित केन्द्र) पर निश्चित रुप से पहुँचकर अपने दस्तावेजों का सत्यापन सुनिश्चित करें। जैसा कि JSLPS की वेबसाईट पर पहले प्रकाशित सूचना में स्पष्ट किया गया है, सम्बद्ध अभ्यर्थियों को स्वयं निम्न दस्तावेजों की मूल (original) और स्व–अभिप्रमाणित (Self Attested) छाया–प्रति के साथ उपस्थित होना आवश्यक होगा।
   1. लिखित परीक्षा हेतु निर्गत किया गया प्रवेश–पत्र
   2. मैट्रिक परीक्षा का अंक–पत्र एवं प्रमाण–पत्र
   3. मान्य Domicile Certificate जो अनुमंडल पदाधिकारी या उससे उच्च लोक सेवा अधिकारी द्वारा निर्गत किया गया हो।
   4. जाति प्रमाण–पत्र जो अनुमंडल पदाधिकारी या उससे उच्च लोक सेवा अधिकारी द्वारा निर्गत किया गया हो।
   5. आधार/वोटर आईडी अथवा अन्य मान्य व्यक्तिगत फोटो प्रमाण–पत्र
   6. हाल का 1 रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो

कृप्या निम्न शर्तो को ध्यान से पढ़े। दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया की इन शर्तों के अनुपालन में कोई समझौता नही किया जायेगा।

1. इस चयन प्रक्रिया के अंतर्गत, लिखित परीक्षा के आधार पर छूटे हुये शॉर्टलिस्टेड अभ्यर्थियों के लिए दस्तावजों सत्यापन का यह पूर्णतः आखिरी मौका होगा।
2. बताये गये दस्तावेजों के नहीं लाये जाने की दशा में अथवा स्वयं इन सभी दस्तावेज के साथ उपस्थित नही होने की दशा में संबंधित अभ्यर्थी की पात्रता चयन प्रक्रिया के लिए रद्द मानी जाएगी।
3. प्रस्तुत दस्तावेजों के विवरण को अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन में भरे गये सूचनाओं के साथ मिलान किया जायेगा। किसी भी प्रकार की विसंगति अथवा त्रुटिपूर्ण सूचना होने की दशा में भी संबंधित अभ्यर्थी की पात्रता चयन प्रक्रिया के लिए रद्द मानी जाएगी।
4. प्रत्येक दिन दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया के लिए रिर्पोटिंग समय उपरोक्त सारणी में अंकित है। संबंधित अभ्यर्थियों को दिए गए रिपोर्टिंग समय के अनुसार सभी दस्तावेजों सहित स्वयं रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा।
5. अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए निर्धारित प्रपत्र में अपना बायोडाटा भरना होगा। JSLPS के वेबासाईट पर बायोडाटा का प्रपत्र दिया गया है। अभ्यर्थी इसको डाउनलोड कर सकते हैं और इसको भरकर निर्धारित तिथि को आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते है।
6. इस प्रक्रिया में भाग लेने हेतु कोई भी भत्ता देय नही होगा।
7. यह प्रक्रिया अंतिम चयन नही माना जाये। दस्तावेज सत्यापन के बाद अन्य सभी निर्धारित मापदण्डों के साथ अंतिम सूची जिलेवार आरक्षण रोस्टर के साथ तैयार करके बाद में प्रकाशित की जाएगी।